This question paper contains 4 printed pages. Roll No. ....................................

# 1001-A

**Gen. Hindi**

## B.A. (Part-I) EXAMINATION - 2022

**(For Non-Collegiate Candidates)**

(Faculty of Arts)

(Three-Year Scheme of 10+2+3 Pattern)

# GENERAL HINDI

**( सामान्य हिन्दी )**

Time Allowed : Three Hours Maximum Marks : 100

*प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न-पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखें। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न हेतु निर्धारित अंक उसके सामने अंकित हैं।*

*किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर-पुस्तिका नहीं दी जाएगी। अतः परीक्षार्थियों को चाहिए कि वे मुख्य उत्तर-पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखें।*

**1.** निम्नांकित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(क) रावण चक्रवर्ती राजा था। संसार के सभी महीप उसे कर देते थे। बड़े-बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे। आग और पानी के देवता भी उसके दास थे; मगर उसका अन्त क्या हुआ? घमण्ड ने उसका नामो-निशान तक मिटा दिया, कोई उसे एक चुल्लू भर पानी देने वाला भी न बचा। आदमी जो कुकर्म चाहे करे; पर अभिमान न करें, इतराए नहीं। अभिमान किया और दीन-दुनिया से गया। 5

**अथवा**

इन शहीदों की देह से जो गोलियाँ निकलीं, वे 'दमदम बुलेट' थीं – अन्तर्राष्ट्रीय विधान के अनुसार इन गोलियों का प्रयोग युद्धों में भी वर्जित है, पर अंग्रेजी शासन के लिए उन दिनों न नियम थे, न पाबन्दियाँ। गोली मारना, जेल में ठूँसना, पीटना, घर फूँकना, गाँव उजाड़ देना और जाने क्या-क्या मामूली बात थी। 5

(ख) कुछ देर बाद हम लोग जीपों पर सवार हो आगे बढ़ गए। किसान ने हमें जाते देख राहत की साँस ली। जीप में काफी हरा चना ढेर पड़ा था। मैं खाने लगा। वे लोग भी खाने लगे। एकाएक मुझे लगा कि जीप पर तीन इल्लियाँ सवार हैं, जो खेतों की ओर चली जा रही हैं। तीन बड़ी-बड़ी इल्लियाँ, सिर्फ तीन ही नहीं, ऐसी हजारों इल्लियाँ हैं, लाखों इल्लियाँ हैं। ये सिर्फ चना ही नहीं खा रहीं, सब कुछ खाती हैं और निःशंक जीप पर सवार चली जा रही हैं। 5

**अथवा**

लेकिन बाद के लोगों ने इस शनैश्चर को 'सनीचर' बना डाला। सनीचर का नाम लेते ही अन्धविश्वासों की रूह काँपने लगती हैं। फलित-ज्योतिषियों की पोथियों में इस ग्रह को इतना अशुभ माना गया है कि जिस राशि में इसका निवास होता है, उसके आगे और पीछे की राशियों को भी यह छेड़ता है। एक बार यदि यह ग्रह किसी की राशि में पहुँच जाये, तो फिर साढ़े सात साल तक उसकी खैर नहीं। 5



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

2. निम्नांकित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(क) निहचल निधि मिलाइ तत, सतगुर साहस धीर। 5

निपजी मैं साझी घणाँ, बाँटै नहीं कबीर।।

बहुत दिनन की जोवती, बाट तुम्हारी राम।

जिव तरसै तुझ मिलन कूँ, मन नाहीं विश्राम।।

**अथवा**

बसो मेरे नैनन में नंदलाल। 5

मोहनि मूरति, साँवरि सूरति, नैना बने विसाल।

अधर सुधारस मुरलि राजति, उर बैजंति माल।

छुद्र घंटिका कटि-तट सोभित; नूपुर सबद रसाल।

मीरा प्रभु संतन सुखदायी; भगत-बछल गोपाल।।

(ख) ज्यों-ज्यों लगती है नाव पार 5

उर में आलोकित शत विचार।

इस धारा सा ही जग का क्रम, शाश्वत इस जीवन का उद्गम, शाश्वत है गति, शाश्वत संगम।

शाश्वत नभ का नीला विकास, शाश्वत शशि का यह रजत ह्रास, शाश्वत लघु लहरों का विलास।

**अथवा**

चढ़ रही थी धूप; 5

गर्मियों के दिन,

दिवा का तमतमाता रूप;

उठी झुलसाती हुई लू,

रूई ज्यों जलती हुई भू,

गर्द चिनगीं छा गई,

प्राय हुई दुपहर;

वह तोड़ती पत्थर।

3. (क) 'सिकन्दर और कौआ' कहानी का सार प्रस्तुत करते हुए कहानी का मूल संदेश स्पष्ट कीजिए। 7½

**अथवा**

रजिया रेखाचित्र के आधार पर रजिया के चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'आज भी खरे हैं तालाब' निबन्ध का सार लिखिए। 7½

**अथवा**

'जीप पर सवार इल्लियाँ' शरद जोशी की सफल व्यंग्य रचना है। इस कथन की विवेचना कीजिए।



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

4. (क) तुलसी की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए। 7½

अथवा

रहीम के काव्य में नीति एवं लोक व्यवहार का सटीक चित्रण हुआ है, इस कथन को सोदाहरण समझाइए।

(ख) 'हिरोशिमा' कविता के मूल भाव को स्पष्ट कीजिए। 7½

अथवा

दिनकर कृत 'समर शेष है' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

5. (क) निम्नांकित में से **किसी एक** विषय पर 300 शब्दों में निबंध लिखिए : 8

(i) राष्ट्र निर्माण में युवा वर्ग की भूमिका

(ii) आतंकवाद : अन्तर्राष्ट्रीय समस्या

(iii) महिला सशक्तिकरण और भारतीय समाज

(iv) पर्यावरण प्रदूषण : कारण और निवारण

(ख) (i) भारत सरकार, मानव संसाधन मन्त्रालय की ओर से राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को एक अर्द्ध शासकीय पत्र लिखिए जिसमें राज्य में क्रियान्वित नेहरु रोजगार योजना सम्बन्धी जानकारी अविलम्ब भेजने का अनुरोध किया गया हो। 4

अथवा

जल वितरण के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, अजमेर प्रथम वृत्त की ओर से अधिसूचना का एक प्रारूप तैयार कीजिए।

(ii) किसी एक विज्ञप्ति का प्रारूप तैयार कीजिए। 4

अथवा

चाकसू पंचायत समिति क्षेत्र के विकास हेतु सरपंच की ओर से ज्ञापन का प्रारूप लिखिए।

(ग) निम्नांकित अवतरण का एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए : 4

किसी देश की संस्कृति को जानने के लिए वहाँ के साहित्य का पूरा अध्ययन नितान्त आवश्यक है। साहित्य किसी देश तथा जाति के विकास यात्रा को दर्शाता है। साहित्य से उस जाति के सामाजिक सांस्कृतिक स्थिति, राजनीतिक-आर्थिक परिवेश, धार्मिक विचारों का प्रतिबिम्ब मिल जाता है। भारतीय संस्कृति के मूल आधार हमारे साहित्यिक ग्रन्थ हैं। हमारे देश की बाह्य विविधता भारतीय साहित्य के रूप में प्रवाहित सांस्कृतिक और वैचारिक एकता को ढ़क लेती है। वाङ्मय की आत्मा एक है, पर वह अनेक भाषा और रूपों में हमारे सामने आती हैं।

अथवा

दुःख के वर्ग में जो स्थान भय का है, आनंद वर्ग में वही स्थान उत्साह का है। भय में हम प्रस्तुत कठिन स्थिति के निश्चय से विशेष रूप में दुखी और कभी-कभी स्थिति से अपने को दूर रखने के लिए प्रयत्नवान् भी होते हैं। उत्साह में हम आनेवाली कठिन स्थिति के भीतर साहस के अवसर के निश्चय-द्वारा प्रस्तुत कर्म-सुख की उमंग में अवश्य प्रयत्नवान् भी होते हैं। उत्साह में कष्ट या हानि सहने की दृढ़ता के साथ-साथ कर्म में प्रवृत्त होने के आनंद का योग रहता है।

(घ) निम्नलिखित में से **किसी एक** पंक्ति के अर्थ का पल्लवन कीजिए : 5

(i) निज भाषा उन्नति अहैं, सब उन्नति को मूल।

(ii) विपत्ति जीवन की सर्वश्रेष्ठ पाठशाला है।



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(ङ) **किसी एक** उपसर्ग से दो शब्द **बनाइए** : 2½

(i) अनु (ii) वि

(च) **किसी एक** प्रत्यय से दो शब्द बनाइए : 2½

(i) एरा (ii) आवट

(छ) निम्नांकित में से **किन्हीं तीन** वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 3

(i) तुमको परिश्रम करना चाहिए। (ii) मैं बुधवार के दिन घर जाऊँगा।

(iii) आप बड़े सज्जन पुरुष हैं। (iv) हमें अपने आत्मबल पर भरोसा रखना चाहिए।

(v) तुम्हारे उत्तर में अनेक अशुद्धियाँ हैं।

(ज) निम्नांकित में से **किन्हीं दो** मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए : 5

(i) अँधेरे में तीर चलाना (ii) दाँत खट्टे करना

(iii) राई का पहाड़ बनाना (iv) आँखों में धूल झोंकना

(v) घड़ों पानी पड़ जाना

(झ) **किन्हीं पाँच** के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए : 5

(i) Approval (ii) Gazetted

(iii) Census (iv) Credit

(v) Editorial (vi) Ordinance

(vii) Privilege (viii) Vacancy

(ञ) **किन्हीं दो** शब्दों को शुद्ध कीजिए : 2

(i) पुनरोक्ति (ii) रचियता

(iii) पूज्यनीय (iv) आर्शीवाद

(ट) संज्ञा की परिभाषा देते हुए इसके भेदों को वर्णित कीजिए। 5

**अथवा**

क्रिया विशेषण को परिभाषित कर इसके प्रमुख भेदों को निरूपित कीजिए।

- o 0 o -



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com